<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>17.03.2026 / 11:00बजे</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>बजट सत्र</u>

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण कल शिमला में शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि 2 अप्रैल तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल 13 बैठकें होंगी।

*बजट सत्र को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सत्र के पहले चरण की बैठकें 16 से 18 फरवरी के बीच आयोजित की जा चुकी है। दूसरे चरण में 18, 19 व 20 मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। ये उनके कार्यकाल का चौथा बजट होगा। अगले तीन दिनों तक बजट पर चर्चा होगी और 30 मार्च को बजट पास किया जाएगा। 31 मार्च गैर सरकारी कार्य दिवस निर्धारित किया गया है।*

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर आने वाले समय में राज्य सरकार 300 करोड़ रूपए खर्च करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध खरीद पर सबसे अधिक समर्थन मूल्य देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य मात्र दूध का रेट बढ़ाना नहीं है बल्कि गांव में युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करना है ताकि गांव की आर्थिकी में सुधार आ सके।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार की बजट में की गई दर्जनों घोषणाएं कागजों तक सीमित है और तीन साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी इन्हें अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में सुक्खू सरकार ने लगभग 2 लाख 20 हजार करोड़ रूपए का बजट पेश किया है। बावजूद इसके विधानसभा में बजट के दौरान घोषित योजनाओं को सरकार पूरा नहीं कर पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने अब तक 45 हजार करोड़ रूपए से अधिक का कर्ज भी लिया है।

भुगतान

राज्य सरकार ने लोक निर्माण और जलशक्ति विभाग को ठेकेदारों के लंबित भुगतान की अदायगी के लिए 500 करोड़ रूपए जारी किए हैं ताकि 1 मार्च तक की बकाया राशि का भुगतान किया जा

सके। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने शिमला में बताया कि सरकार विकास कार्यों को लेकर गंभीर है और ठेकेदारों के लंबित भुगतान को चरणबद्ध तरीके से जारी किया जा रहा है।

बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य सरकार राजस्व घाटा अनुदान को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ झूठा आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है। नाहन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में दस वर्षों में लगभग 18 हजार करोड़ आर डी जी मिली थी, वहीं मोदी सरकार ने प्रदेश को लगभग नवासी हजार करोड़ रूपए से अधिक की सहायता प्रदान की है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व कई क्षेत्रों में वर्षा होने से तापमान में भारी गिरावट आई है। जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में लगभग 4 इंच ताजा हिमपात हुआ है और समूचा जिला एक बार फिर कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। बर्फबारी के कारण जिले की सभी सड़कें यातायात के लिए बंद हैं जिन्हें खोलने के प्रयास युद्ध स्तर पर जारी हैं। किन्नौर जिला के छितकुल व कुनो चारंग में लगभग 5 इंच, रकछम में 4 इंच जबकि कल्पा, सांगला और नाको में लगभग 3 इंच हिमपात दर्ज किया गया है। जिले के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। चंबा जिला के दुर्गम क्षेत्र पांगी सहित भरमौर में भी बर्फ गिरने का समाचार है। वहीं कुल्लू जिले की पर्यटन नगरी मनाली सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों में बर्फबारी हुई है। हमारे कुल्लू जिला संवाददाता ने बताया कि ताजा हिमपात से पर्यटन व्यवसायी खुश हैं।

किसान व बागवान भी लंबे अंतराल के बाद हुई इस बर्फबारी और वर्षा के बाद खुशी जाहिर कर रहे हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि अन्य भागों में गरज के साथ ओलावृष्टि व वर्षा की संभावना जताई है।